# अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 5 फरवरी 2026
फाल्गुन कृष्ण-चतुर्थी
विक्रम संवत 2082


PAGE NO : 04 MIDDLE

## कैंसर को हराने वाले योद्धा सम्मानित

बरेली। एसआरएमएस में विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर को मात देने वाले कैंसर विजेता सम्मानित हुए। मेडिकल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से कैंसर से बचाव का संदेश दिया। मुख्य अतिथि एडीजी जोन रमित शर्मा, संस्थान चेयरमैन देव मूर्ति ने कैंसर योद्धाओं को सम्मानित किया। एडीजी जोन रमित शर्मा ने कॉलेज में बोन मैरो ट्रांसप्लांट शुरू होने को सराहा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जानकारी दी। सम्मानित योद्धाओं में लखीमपुर मोहम्मदी के मोहम्मद नबील, सुशीला देवी, धौराटांडा की अस्मा, शाहजहांपुर के ब्रजपाल सिंह, बदायूं के महेश चंद्रा, लता शर्मा, हरदोई की मधु, बाजपुर की अमरजीत कौर, पीलीभीत की कमला देवी, इज्जतनगर की रामवती, मोहनपुर के हफीज अहमद, अल्मोड़ा की मालती देवी शामिल रहीं। बृहस्पतिवार से संस्थान में तीन दिवसीय कैंसर शिविर लगेगा। यहां कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पियूष अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला व अन्य विभागाध्यक्ष, विद्यार्थी मौजूद रहे। ब्यूरो